बरेली, सोमवार
1 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 04 : TOP

सीईटी-ए और सीईटीआर की शानदार जीत

3 छक्कों और 5 चौकों से 70 रन बनाने वाले उमंग मैन ऑफ द मैच

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (31 March): एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप 2024 के तीसरे दिन संडे को आईएमएस-बी और सीईटी-ए तथा सीईटीआर और सीईटी-बी की टीमों के बीच मुकाबला हुआ. पहले मैच में सीईटी-ए ने आईएमएस-बी को 124 रन से हराकर सेमीफाइनल के लिए स्थान सुरक्षित किया. दूसरे मैच में सीईटीआर ने सीईटी-बी को 44 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया.

चुना गया मैन ऑफ द मैच

सीईटी-ए के लिए तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 44 गेंदों पर 70 रन बनाने और एक विकेट लेने वाले सीईटी-ए के उमंग मैन ऑफ द मैच बने. सीईटीआर के लिए 22 रन बनाने के साथ ही 4 विकेट लेने वाले मोनिश सैफी को मैन ऑफ द मैच चुना गया. नाकआउट राउंड में जीत हासिल करने के साथ ही आईएमएस-ए, सीईटी-ए, पैरामेडिकल और सीईटीआर की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया. दोनों सेमीफाइनल मैच मंडे को खेले जाएंगे.

विजेताओं को किया गया सम्मानित.

20 ओवर में 196 रन

श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट स्टेडियम में संडे को एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप 2024 के तीसरे दिन सुबह सीईटी-ए ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. कप्तान विश्वजीत ने टीम की बदौलत सीईटी-ए ने निर्धारित 20 ओवर में 196 रन बनाए. जवाब में आईएमएस-बी की टीम 12 ओवर में पवेलियन लौट गई. आईएमएस-बी की ओर से शिवांग अग्रवाल (11 रन), ध्रुवित पटेल (15 रन) रक्षित (11 रन) ही दहाई के अंक तक पहुंचे, लेकिन आईएमएस-बी को सबसे ज्यादा रन अतिरिक्त के रूप में 20 रन सीईटी-ए ने तोहफे में दिए. हालांकि सीईटी-ए को भी अतिरिक्त के रूप में 37 रन मिले. इस मैच में सीईटी-ए के लिए तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 44 गेंदों पर 70 रन बनाने और एक विकेट लेने वाले सीईटी-ए के उमंग को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया.

आज होगा सेमीफाइनल

अगले मैच में सीईटीआर ने पहले खेलते हुए 19.3 ओवर में 131 रन बनाए. सीईटीआर की ओर से अमन वर्मा (26 रन), अर्जित भटनागर (27 रन), मोनिश सैफी (22 रन) ही दहाई के अंक तक पहुंचे. लेकिन इस स्कोर में बड़ा योगदान अतिरिक्त के रूप में 28 रन का सीईटी- बी की टीम ने किया. जवाब में सीईटी-बी की पूरी टीम 87 रन बना कर पैवेलियन लौट गई. उसका कोई भी बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंचा. सीईटी-बी के स्कोर में सबसे ज्यादा 22 रन, अतिरिक्त के रूप में सीईटीआर की टीम ने दिए, फलस्वरूप सीईटीआर ने 44 रन से जीत दर्ज की.